भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 3138
21 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

रैपिड रेल का परिचालन

3138. श्री तापिर गाव:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रैपिड रेल का परिचालन कब तक शुरू होने की संभावना है;

(ख) उन मार्गों का ब्यौरा क्या है जिन्हें शामिल किए जाने की संभावना है; और

(ग) भविष्य में रैपिड रेल के लिए प्रस्तावित मार्ग कौन-कौन से हैं?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) से (ग): राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) ने 'एनसीआर-2032 के लिए परिवहन पर एक कार्यात्मक योजना' तैयार की है, जिसमें एनसीआर में रेल आधारित कनेक्टिविटी में सुधार के लिए एनसीआर के विभिन्न महत्वपूर्ण शहरों को हाई स्पीड रेल आधारित कम्यूटर ट्रांजिट प्रणाली से जोड़ने के लिए आठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर की सिफारिश की गई है, नामतः (i) दिल्ली गुरुग्राम-रेवाड़ी-अलवर (ii) दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ (ii) दिल्ली-सोनीपत-पानीपत (iv) दिल्ली-फरीदाबाद-बल्लभगढ़-पलवल (v) दिल्ली-बहादुरगढ़-रोहतक (vi) दिल्ली-शाहदरा-बड़ौत (vii) गाजियाबाद-खुर्जा और (viii) गाजियाबाद-हापुड़।

भारत के पूर्ववर्ती योजना आयोग (अब नीति आयोग) द्वारा नियुक्त टास्क फोर्स ने आरआरटीएस के चरण- । में कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित तीन आरआरटीएस कॉरिडोर्स को प्राथमिकता दी है:

- दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ
- दिल्ली-गुरुग्राम-अलवर
- दिल्ली-पानीपत

उपरोक्त तीन कोररिडोर्स में से, 82.15 किलोमीटर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडॉर को पहले ही केंद्र सरकार द्वारा मार्च, 2019 में स्वीकृत किया जा चुका है। 20.10.2023 को भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा इस कॉरिडॉर के प्राथमिकता खंड, जो कि उत्तर प्रदेश में साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक 17 किलोमीटर की लंबाई को कवर करता है, का उद्घाटन किया गया और यह वर्तमान में संचालन में है। 30.11.2023 तक दिल्ली-गायजाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर की वास्तविक प्रगति 69.3% है।